महत्वपूर्ण एवं खास

जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर आयोजित

रायगढ़। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी के मार्गदर्शन में लखीराम अग्रवाल स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध जिला चिकित्सालय रायगढ़ में आज प्रात~ 10 बजे से शाम 4 बजे तक विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सीएचएमओ डॉ.केशरी ने कहा कि रक्तदान को महादान भी कहते है क्योंकि यह दान दूसरों की जिंदगी को आगे बढ़ाने के साथ खुद की सेहत को दुरुस्त करता है। रक्तदान से कई बीमारियों को दूर भगाया जा सकता हैं। इस अवसर पर नोडल अधिकारी डॉ.टी.के.टोण्डर, जिला कार्यक्रम प्रबंधक गनपत नायक, डॉ राजेश मिश्रा जिला सलाहकार, वीरेन्द्र डनसेना प्रबन्धक जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा रक्तदान किया गया।

नगर निगम के सभागार में स्वास्थ्य कैम्प आयोजित

रायगढ़। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस. एन. केसरी के दिशा-निर्देश एवं निगम आयुक्त श्री रमेश जायसवाल के मार्गदर्शन में नगर निगम के सभागार में रायगढ़ नगर निगम के सफाई कर्मचारियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य विभाग के तरफ से स्वास्थ्य कैम्प आयोजित किया गया। कैम्प में उपस्थित गैर संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी डॉ. टी के टोंडर ने बताया कि जिले में 15 मई से 15 जून तक गैर संचारी रोग नियंत्रण के मनाया जा रहा है जिसमें जिले के 30 साल से अधिक उम्र के सभी लोगों का उच्च रक्तचाप, शुगर, मुख, गर्भाशय एवं स्तन कैंसर का जांच एवं उपचार किया जाना है। इसी तारतम्य में आज नगर निगम में कैम्प लगाकर लगभग 130 मरीजो का जांच एवं उपचार किया गया। कैम्प में निगम के सभी सफाई कर्मचारी उपस्थित होकर अपना जांच एवं उपचार कराये। कैम्प में शहरी कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. राकेश वर्मा स्वास्थ्य अधिकारी श्री जी ईश्वर राव, डॉ विकाश यादव डॉ विवेक उपाध्याय एवं हेल्थ एंड वेलनेस सेन्टर के स्टॉफ उपस्थित थे।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन 21 को

रायगढ़। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन 21 जून को जिला स्तर, विकास खण्ड स्तर, नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायत स्तर पर किया जाएगा। 21 जून को योग दिवस पूर्व वर्ष की भांति समस्त नगरीय निकायों मे प्रमुख चौक चौराहों, उद्यानों में समस्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों, महाविद्यालयों, संस्थाओं, समस्त विकास खण्ड स्तर एवं ग्राम पंचायत स्तर चयनित स्थानों पर निर्धारित समय प्रात~ 7 बजे से 8 बजे तक प्रशिक्षित योग प्रशिक्षकों के माध्यम से सामूहिक योगाभ्यास का भव्य आयोजन किया जाएगा। विकासखण्ड/नगर निकाय स्तर पर प्रशिक्षण 15 से 17 जून तक, ग्राम पंचायत स्तर पर प्रशिक्षण 18 एवं 19 जून को तथा योग दिवस पर सभी स्तरों पर योग कार्यक्रम 21 जून को किया जाएगा।

सामान्य प्रशासन समिति व सामान्य सभा की बैठक 20 को

रायगढ़। जिला पंचायत रायगढ़ के सामान्य सभा की बैठक 20 जून को पूर्वान्ह 11 बजे से एवं सामान्य सभा की बैठक 20 जून को अपरान्ह 3 बजे से जिला पंचायत रायगढ़ के सभाकक्ष में आहूत की गई है। जिला पंचायत सीईओ ने सभापति, सदस्य, सांसद, विधायक एवं उनके प्रतिनिधियों को बैठक में उपस्थित होने हेतु आग्रह किया है।

यूनाइटेड बैंक में दिनदहाड़े सशस्त्र लूट का प्रयास

तीन हथियारबंद लूटेरो ने बैंक मैनेजर को बनाया था बंधक

यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया
United Bank of India
ATM

रायगढ़। रायगढ़ शहर के घरघोड़ा रोड़ में स्थित यूनाइटेड बैंक में तीन हथियार बंद लूटेरो ने लूट का असफल प्रयास किया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आज शाम करीब 5 बजे 3 नकाबपोश हथियारों से लैस होकर ढिमरापुर रोड में स्थित यूनाइटेड बैंक में घुस गए, और तीनों ने बैंक मैनेजर सहित वहां के बैंक स्टाफ को बंदूक की नोक पर लेकर लॉकर में रखे कैश लूटने का असफल प्रयास किये। इस दौरान इन तीनों ने बैंक मैनेजर को मारते पीटते हुए लॉकर की चाबी मांगी और उनके सहयोगी कर्मचारियों को भी गाली गलौज करते हुए रकम देने की धमकी दी और तीनों बैंक कर्मी को एक कमरे में बंद भी कर दिया। काफी देर तक लॉकर तोड़ने का प्रयास करते रहे और असफल होने के बाद बैंक में रखे सीसीटीवी के डीवीआर को अपने साथ लेकर फरार हो गए। अब पुलिस तीनों की पहचान करने में लगी हुई है और नाकेबंदी करते हुए उन्हें दबोचने के लिए अलग-अलग टीमे रवाना भी कर दी गई है। सूत्रों के अनुसार तीनो आरोपी बैंक से निकलकर घरघोड़ा रोड़ की तरफ निकलने की जानकारी मिली है और इसी सूत्र के आधार पर पुलिस अधीक्षक ने अपनी टीम को उन्हें पकड़ने के लिए पीछे लगा दिया है। समाचार लिखे जाने तक बैंक से कोई भी रकम लूट की जानकारी नही मिल सकी। पुलिस पास के सीसीटीवी कैमरे खंगाल कर उनकी पहचान करने में जुटी है।

घटना की जानकारी मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस टीम और जिले के पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल के साथ-साथ अतिरिक्ति पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर तथा अन्य थानों के थाना प्रभारी भी बैंक पहुंचकर जांच में जुट गए हैं।

महिला से सामूहिक दुष्कर्म, दो के खिलाफ जुर्म दर्ज

रायगढ़। परिचित के घर से अपने घर लौट रही महिला को रास्ते में रोककर गैंगरेप करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने दोनो आरोपियों के खिलाफ जुर्म पंजीबद्ध कर लिया है। घटना कापू थाना क्षेत्र की है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक थाना कापू अन्तर्गत निवासरत 25 वर्षीय महिला द्वारा कल थाना कापू में गांव के दो व्यक्तियों द्वारा घर जाते समय रास्ते में रोककर बलपूर्वक खेत में ले जाकर दुष्कर्म करने की रिपोर्ट दर्ज करायी है। पीडित महिला ने बताया कि 12 जून को पति से घरेलू विवाद पर अपनी छोटी बच्ची को लेकर अपने परिचित के घर चली गई थी, जहां से रात्रि लगभग 8-9 बजे अपने बच्ची के साथ घर आ रही थी कि रास्ते में इसके गांव के सोहन चौहान एवं शंकर यादव मिले जो जबरजस्ती इसे बलपूर्वक खेत में ले जाकर बलात संभोग किये। पीडित की रिपोर्ट पर धारा 376 (डी) पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

आरक्षक ने किटनाशक का सेवन कर दी जान



रायगढ़। डयूटी से लौटने के बाद एक आरक्षक ने अज्ञात कारणों से कीटनाशक दवा का सेवन कर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। आरक्षक ने किन कारणों से आत्महत्या की है इसका खुलासा नही हो सका है। पुलिस ने प्रकरण में मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में ले लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार थाना घरघोड़ा में कार्यरत आरक्षक क्रमांक 986 अजय गुप्ता पिता खुलेश्वर गुप्ता उम्र 27 वर्ष निवासी चारमार थाना घरघोड़ा की ड्यूटी कल बाईपास में भारी वाहनों को रोकने की पाईन्ट ड्यूटी लगी थी, ड्यूटी बाद आरक्षक प्रतिदिन की तरह थाने के ऊपर बने बैरक में आराम करने चला गया जहां उसने किटनाशक (खेतों में छिडकाव के लिये उपयोग) का सेवन कर लिया। रात्रि जब वायरलेस ड्यूटी में तैनात कर्मचारी बैरक में गया तो उसने अजय गुप्ता को बेसुध देखा और स्टाफ को बताया, तब तक थाना प्रभारी निरीक्षक चमन सिन्हा भी थाने पहुंच चुके थे। स्टाफ द्वारा आरक्षक अजय गुप्ता को सीएचसी घरघोड़ा ईलाज के लिए लेकर गये, जहां डॉक्टर ने अजय को मृत बताया। घटना के संबंध में थाना घरघोड़ा में मर्ग कायम कर जांच में लिया गया । आरक्षक अजय गुप्ता को लोकसभा चुनाव के समय रक्षित केन्द्र से थाना घरघोड़ा कार्य करने हेतु सम्बद्ध किया गया था। मृतक अजय गुप्ता अपने दो बहनों में एक भाई था। दोनों बहनों की शादी हो चुकी है। घटना के संबंध में आरक्षक अजय गुप्ता के परिवार के सदस्य गमहीन है, कुछ बताने की स्थिति में नहीं है । अजय के करीबी मित्रों ने बताया है कि अजय द्वारा पूर्व में भी अपनी कलाई काट कर सुसाइड का प्रयास किया था। मर्ग जांच दौरान आरक्षक के आत्महत्या के कारणों का खुलासा हो पायेगा।

मिनीमाता स्वावलंबन योजना अंतर्गत ऋण हेतु 29 तक आवेदन आमंत्रित

रायगढ़। मिनीमाता स्वावलंबन योजनान्तर्गत अनुसूचित जनजाति विकास प्राधिकरण की वित्तीय सहायता से स्वयं का व्यवसाय करने हेतु इच्छुक अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों के लिए ऋण हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। इच्छुक आवेदक ऋण हेतु कार्यालय कलेक्टर, जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति, रायगढ़ के कक्ष क्रमांक 94 में निःशुल्क आवेदन प्राप्त कर सकते है तथा आवेदन पत्र 29 जून शाम 5.30 बजे तक जमा कर सकते है। उक्त योजना अंतर्गत रायगढ़ जिले के लिए 27 इकाई का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिसमें अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों को स्वयं की जमीन पर दुकान बनाने हेतु 1.40 लाख एवं कार्यशील पूंजी हेतु 0.60 लाख रु. कुल 2 लाख रु. 4 प्रतिशत (फ्लेट) ब्याज दर पर देने का प्रावधान है। 3 वर्ष तक नियमित किश्त जमा करने पर 75 प्रतिशत राशि की छूट प्रोत्साहन के रूप में दी जाती है। आवेदक अनुसूचित जनजाति वर्ग का हो। आवेदक की आय ग्रामीण क्षेत्र का निवासी होने पर 98000 रुपए एवं शहरी क्षेत्र का निवासी होने पर 120000 रुपए से अधिक न हो। आवेदक का नाम राशनकार्ड में हो, आधार कार्ड की छायाप्रति, आवेदक की आयु 18 वर्ष से कम तथा 50 वर्ष से अधिक न हो, आवेदक की शैक्षणिक योग्यता कम से कम 8 वीं पास होना अनिवार्य है। आवेदक के पास दुकान बनाने हेतु स्वयं एवं परिवार के सदस्य के नाम जमीन होना अनिवार्य है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला अंत्यावसायी सहकारी समिति कार्यालय, रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक
आवश्यकता
उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य बिन्दु
पीड़ित संपर्क करें
अन्य बिन्दु
पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001
www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

CAREER SCHOOL
ADMISSION OPEN
ENGLISH MEDIUM
For Nuresery to 10th
स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996
पिछले 22 वर्षो से लगातार बच्चों के साथ...
Topper Students Last Session
Major Facts
1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....
Join CAREER...
CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास,
रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की

खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे,
कैरियर स्कूल के पास,
रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं.
9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480